Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding alleged scam by Adarsh Credit Cooperative Society in Rajasthan.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : सभापति महोदय, धन्यवाद । इस देश में कई कंपनियां पौंजी स्कीमें लेकर आई हैं । हमने बहुत से अखबारों में भोले-भाले निवेशकों का पैसा लूटकर ले जाने की बात सुनी है । ऐसी ही एक आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी है, जिसने राजस्थान के करीब 20 लाख निवेशकों का पैसा ज्यादा ब्याज दर देने की अनेक स्कीमें बताकर लूटने का काम किया । ये वे निवेशक हैं, जिनकी बहुत छोटी पूंजी होती है और अपनी पूंजी लगाकर उम्मीद करते हैं कि काफी अच्छा पैसा मिल जाएगा तो घर के अंदर उनके अन्य काम भी बनेंगे । ऐसी कंपनियां आती हैं । राजस्थान के अंदर हजारों करोड़ रुपये का घपला इस सोसाइटी के मार्फत करीब 20 लाख लोगों के साथ हुआ है । इन स्कीमों के मार्फत लोग इनसे परेशान होकर कोर्ट में भी गए । कोर्ट में जाने के बावजूद भी आज तक इनको कोई भी राहत नहीं मिल पाई है । उस निवेशक को अपना पैसा चाहिए ।

मेरा आपके मार्फत सरकार से निवेदन है कि सरकार इन कंपनियों को पाबंद करके तथा अभी लिक्केडेटर भी अपॉइंट किया है और इनकी प्रॉपर्टीज अलग-अलग डिपार्टमेंट्स ने सीज कर रखी हैं, वह इनको हैण्डओवर कर दी जाए, ताकि इस प्रॉपर्टी को नीलाम या बेचकर अथवा जो भी व्यवस्था करके, इन निवेशकों का पैसा दिया जाए । मेरे लोक सभा क्षेत्र चुरु के अंदर चाहे पाली हो, सिरोही हो, झुंन्झुनू हो, वहां हजारों की मात्रा में हमारे किसान भाई और आम व्यक्ति हैं, जिन्होंने छोटी-छोटी पूंजी लगाकर इसमें पैसा लगा रखा है । मेरा आपसे यह अनुरोध है कि सरकार इनके पैसे दिलाने का काम करे ।